सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

DGR Detective Group Report

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 54 | इंदौर, शनिवार 06 सितंबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## प्रदेश के 18 जिलों में हुई बारिश, उज्जैन में सवा 2 इंच, इंदौर में डेढ़ इंच गिरा पानी, नदी-नाले उफान पर



**भोपाल, एजेंसी।** मध्य प्रदेश में स्ट्रांग सिस्टम एक्टिव होने से लगातार तेज बारिश का दौर चल रहा है। शुक्रवार को भी तेज बारिश का दौर जारी रहा। उज्जैन में सवा 2 इंच और इंदौर में डेढ़ इंच पानी गिरा। जबकि शिवपुरी में 1 इंच बारिश दर्ज की गई। इसके अलावा भोपाल, दतिया, गुना, ग्वालियर, नर्मदापुरम, रतलाम, सिवनी, टीकमगढ़, बालाघाट, धार, बड़वानी, श्योपुर, दतिया, विदिशा, मुरैना समेत कई जिलों में हल्की बारिश का दौर जारी रहा।

### लगातार बारिश से नदी-नाले उफान पर

लगातार बारिश से नदी-नाले उफान पर आ गए है। तीन बांधों के गेट खोले गए हैं। आगर मालवा में कुंडालिया बांध के 8 गेट खोले गए। वहीं रायसेन में हलाली डैम के 3 गेट खोले गए हैं। जबकि उमरिया में जोहिला डैम का एक गेट खोला गया है। मौसम विभाग ने अगले 2 दिन तक प्रदेश में तेज बारिश का दौर जारी रहने की संभावना जताई है।

### इसलिए लगातार हो रही तेज बारिश

मौसम विभाग की सीनियर वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया कि प्रदेश में गुरुवार को चार सिस्टम एक्टिव रहे। इनमें एक मानसून समेत दो टर्फ, एक लो प्रेशर एरिया (कम दबाव का क्षेत्र) और एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम शामिल हैं। शुक्रवार को भी सिस्टम की एक्टिविटी देखने को मिल सकती है। इसलिए कई जिलों में भारी बारिश की चेतावनी दी गई है।

### अब तक प्रदेश में 40 इंच की बारिश

मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में अब तक 40 इंच बारिश हो चुकी है, जो सीजन की 108 प्रतिशत है। वहीं, अब तक 32.1 इंच बारिश होनी थी। प्रदेश की सामान्य बारिश औसत 37 इंच है। पिछले मानसूनी सीजन में औसत 44 इंच बारिश हुई थी। गुना सबसे बेहतर है। यहां 62.9 इंच बारिश हो चुकी है। गुना में 30.5 इंच पानी ज्यादा गिर चुका है। मंडला में 55.5 इंच बारिश हो चुकी है। शिवपुरी में 52.9 इंच, अशोकनगर में 52.6 इंच और श्योपुर में 55.3 इंच पानी गिर चुका है। जबकि सबसे कम बारिश वाले 5 जिले इंदौर और उज्जैन संभाग के हैं। खरगोन में सबसे कम 24.7 इंच, खंडवा में 24.9 इंच, बड़वानी में 25.2 इंच, बुरहानपुर में 25.5 इंच और शाजापुर में 25.6 इंच बारिश हुई है।

**सीएम ने की बैठक**

# सिंहस्थ में तैनात रहे अधिकारियों के अनुभव से बनेगी बेहतर व्यवस्था



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार की शाम मुख्यमंत्री निवास समत्व भवन में सिंहस्थ 2028 की व्यवस्थाओं के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने कहा कि सिंहस्थ 2028 के प्रबंधों पर गत मंगलवार को भी विस्तृत बैठक हुई है। बैठक और संवाद का सिलसिला निरंतर चलेगा। प्रत्येक व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए विभागों को दायित्व दिए गए हैं। तैयारियों की नियमित रूप से समीक्षा की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा है कि सिंहस्थ 2028 प्रतिष्ठापूर्ण आयोजन है। इसके लिए उज्जैन में पिछले दो सिंहस्थ वर्ष 2004 और 2016 के दौरान पदस्थ रहे वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के अनुभव का लाभ भी लिया जाए। प्रयागराज में संपन्न महाकुंभ की व्यवस्थाओं का अध्ययन भी किया गया है। मध्य प्रदेश सरकार का संकल्प है कि सिंहस्थ- 2028 श्रद्धालुओं की दृष्टि से सुविधाजनक, दुर्घटनाविहीन, आवास, आवागमन, भोजन और अन्य व्यवस्थाओं के साथ श्रेष्ठ आपदा प्रबंधन का भी उदाहरण बने। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार के संबंधित विभागों से भी आवश्यक सहयोग प्राप्त किया जा रहा है। हाल ही में प्रदेश के विभिन्न रेल मंडल प्रबंधकों ने उनसे भेंट कर सिंहस्थ के लिए रेल सुविधाओं की उपलब्धता और विस्तार के संबंध में अवगत करवाया है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए निर्मित होने वाले घाटों और उनके निकट विभिन्न सुविधाओं के विकास पर ध्यान दिया जा रहा है। सरलता और सुगमता से स्नान संपन्न हो सकें, इस दृष्टि से सभी जरूरी प्रबंध किए जाएंगे। पर्यटन विभाग और निजी क्षेत्र द्वारा होटलों की व्यवस्था, पुलिस और अन्य विभागों के अधिकारियों के लिए रहवास व्यवस्था को सुनिश्चित किया जाएगा।

### सीएम ने अधिकारियों को दिए ये निर्देश

1. सिंहस्थ से जुड़े कार्यों की सतत समीक्षा की जाए। विभागवार बैठकें भी हों।
2. अधिकारी-कर्मचारियों के प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जाएं।
3. सिंहस्थ के दौरान सुरक्षा व्यवस्थाओं में आधुनिक तकनीक का प्राथमिकता से उपयोग हो।
4. विभिन्न देवस्थानों के परिसरों के विकास कार्य भी प्रारंभ किया जाए।
5. अनुभवी अधिकारियों की सेवाएं और मार्गदर्शन लेने का कार्य भी किया जाए।
6. भीड़ नियंत्रण में एआई के उपयोग के लिए आवश्यक अध्ययन किया जाए।
7. अन्य देशों में सिंहस्थ केंद्रित सांस्कृतिक गतिविधियों की रूपरेखा को अंतिम रूप दें।

**उज्जैन के महिदपुर में तनाव**

# गणेश सवारी में लव जिहाद की झांकी पर फेंके पत्थर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी। उज्जैन के महिदपुर में भगवान गणेश जी की सवारी निकालने के दौरान पथराव हो गया। जिसके बाद तनाव पैदा हो गया। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर भीड़ को खदेड़ा।**

दरअसल, सवारी में लव जिहाद की झांकी बनाई गई थी। इसे लेकर वर्ग विशेष को ऐतराज था। सवारी जब मोती मस्जिद के पास से गुजर रही थी। तभी झांकी में मौजूद लोगों पर कुछ लोगों ने पथराव कर दिया। फिलहाल भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। बताया जा रहा है कि झांकी में मुस्लिम समाज को बदनाम करने की अफवाह के बाद समाज के लोगों ने तहसील कार्यालय का घेराव कर दिया। इस दौरान करीब मुस्लिम समाज के 200 से ज्यादा लोग उग्र हो गए। उन्होंने लव जिहाद की झांकी में पुतले को पहनाई टोपी, दाढ़ी और बुर्का हटाने की मांग की। इस दौरान एसडीएम ने तत्काल हटवाने की बात भी कही और मुस्लिम समाज की आपत्ति को लेकर एक आवेदन देने को कहा। जिसके बाद वहां मौजूद युवा नाराज हो गए और आक्रोशित होकर वहां चले गए। उज्जैन एसपी प्रदीप शर्मा ने कहा कि फिलहाल शांतिपूर्ण माहौल है। सभी अपने घर चले गए हैं। ऐहतियात के तौर पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। सवारी अभी भी निकल रही है। पुलिस-प्रशासन ने झांकी में जरूरी बदलाव कर लव जिहाद वाली झांकी को भी निकालने की अनुमति दी है।





# झांकियों की जगमग से दमकेगा शहर 300 कैमरे रखेंगे चप्पे चप्पे पर नजर



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। आज इंदौर में अनंत चतुर्दशी चल समारोह निकलेगा। शनिवार को शाम 6 बजे चिकमंगलूर चौराहे से झांकियां निकलना शुरू होंगी और फिर रविवार सुबह अपनी मिलों में वापस जाएंगी। समारोह के झांकी मार्गों को आज नगर निगम की टीमों ने साफ किया। खस्ताहाल सड़कों को सुधारा गया और सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कल शाम 4 बजे से निगम की सफाई मित्रों की टीमें मैदान संभाल लेंगी और इसके साथ कंट्रोल रूम पर कई कर्मचारी तैनात रहेंगे। 300 से अधिक कैमरों से झांकी मार्ग के चप्पे चप्पे पर नजर रखी जाएगी। किसी भी तरह की हरकत करने वाले को तुरंत पुलिस पकड़ेगी। महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए विशेष दल भी गठित किए गए हैं। इसके अलावा एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड जैसी व्यवस्थाओं को आज ही मोर्चे पर तैनात कर दिया गया है। झांकियां निकलने के बाद दूसरे दिन भी सुबह 5 बजे से फिर सफाई अभियान चलेगा।**

अधिकारियों के मुताबिक पूरे मार्ग पर झांकियां निकालने के पहले शाम 4 बजे से सफाई का अभियान चलेगा, जो 5.30 बजे तक पूरा कर लिया जाएगा। इसके साथ ही जनकार्य विभाग ने सड़कों को सुधारने के काम अलग-अलग ठेकेदारों को दिए थे, जो लगभग पूरे हो चुके हैं। कई जगह खस्ताहाल और गड्ढेदार सड़कों पर पैचवर्क के काम किए गए हैं। इसके अलावा कंट्रोल रूम और संबंधित झोनलों पर अतिरिक्त सफाई कर्मचारियों की तैनाती रहेगी, ताकि आवश्यकता पड़ने पर उन्हें कई जगह कार्यों पर लगाया जा सके। इसके बाद दूसरे दिन झांकियां निकलने के बाद सुबह 5 बजे से फिर सफाई अभियान चलाया जाएगा और पूरे झांकी मार्गों को दो घंटे में चकाचक करने का लक्ष्य रखा गया है।

इस अवसर पर भव्य चल समारोह का आयोजन किया गया है। इसमें शहर के विभिन्न हिस्सों से गणेश जी की झांकियां आदि चलकर चिकमंगलूर चौराहा पर एकत्रित होंगी। चिकमंगलूर चौराहा से जेल रोड चौराहा, एम.जी.रोड चौराहा, मृगनयनी, फ्रूट मार्केट, नंदलालपुरा, जवाहर मार्ग, नरसिंह बाजार, क्लॉथ मार्केट, खजूरी बाजार से राजवाड़ा से मृगनयनी, नगर निगम होते हुए झांकियां अपने-अपने स्थानों पर जाएंगी। चल समारोह शाम लगभग 6 बजे से चिकमंगलूर चौराहा से प्रारंभ होकर देर रात्रि तक चलेगा। इस दौरान निम्नानुसार मार्ग परिवर्तन व डायवर्सन रहेगा...

## परिवर्तित मार्ग

1. मरीमाता से रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड की ओर जाने वाला यातायात भागीरथपुरा टी से एमआर 4 होकर राजकुमार ब्रिज के नीचे से वल्लभ नगर टी से जीएसआईटीएस होकर जा सकेगा।
2. जवाहर मार्ग से नंदलालपुरा होकर यशवंत रोड चौराहा जाने वाला यातायात सैफी चौराहे से हाथीपाला होकर जा सकेगा।
3. मधुमिलन से नंदलालपुरा यशवंत रोड चौराहा राजमोहल्ला आदि की ओर जाने के लिए फॉरेस्ट टी से अग्रसेन सपना संगीता रोड का उपयोग करें।
4. रीगल चौराहा लेन्टर्न चौराहा से मरीमाता जाने के लिए वल्लभ नगर टी से राजकुमार ब्रिज के नीचे से होते हुए एमआर 4 मार्ग का उपयोग करते हुए भागीरथपुरा टी से मरीमाता की ओर जा सकते हैं।
5. रीगल चौराहा से शास्त्री ब्रिज होकर मृगनयनी राजवाड़ा, यशवंत रोड चौराहा की तरफ जाने के लिए जीपीओ, फॉरेस्ट टी से अग्रसेन सपना संगीता रोड का उपयोग करें।
6. नंदलालपुरा, यशवंत रोड, रामलक्ष्मण बाजार, नृसिंह बाजार, ,जी सच्चिदानंद, गौराकुंड, शक्कर बाजार, सुभाष चौक, राजवाड़ा, कृष्णपुरा पुल तक समस्त प्रकार के वाहनों की पार्किंग प्रतिबंधित रहेगी।
7. ऐसे वाहन जो जवाहर मार्ग से आवागमन करना चाहते हैं वो जवाहर मार्ग का उपयोग न करते हुए राजमोहल्ला चौराहा से या मालगंज चौराहा से बियाबानी, दरगाह चौराहा, या महूनाका, मच्छी बाजार, पंढरीनाथ, चन्द्रभागा पुल से होकर बड़ा रावला होकर आगे जा सकेंगे।
8. ऐसे वाहन जो मल्हारगंज थाने से एमजी रोड होकर राजवाड़े से मृगनयनी जाना चाहते है वह मल्हारगंज थाने से ए.सी.पी कार्यालय मल्हारगंज, बड़वाली चौकी होते हुए सुभाष मार्ग से नगर निगम होकर आगे जा सकेंगे।

इन परिवर्तित मार्ग का उपयोग करें

1. भागीरथपुरा टी से भंडारी ब्रिज तिराहा की ओर जाने वाले मार्ग पर आम वाहन नही जा सकेंगे।
2. रीगल चौराहा से शास्त्री ब्रिज, मृगनयनी की ओर जाने वाले मार्ग पर वाहन नही जा सकेंगे ।
3. सैफी चौराहा से संजय सेतु, नंदलालपुरा की ओर जाने वाले मार्ग पर आम वाहन नही जा सकेंगे।
4. नगर निगम चौराहा से मृगनयनी चौराहा एवं चिकमंगलूर चौराहा की ओर जाने वाले मार्ग पर वाहन नही जा सकेंगे
5. राजकुमार ब्रिज से डीआरपी चौराहा की ओर जाने वाले मार्ग पर आम वाहन नही जा सकेंगे।
6. सम्पूर्ण चल समारोह मार्ग में अन्य सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश पूर्णतः निषेध रहेगा।
7. रामबाग से, महेश जोशी टी से सुभाष पानी की टंकी से एसीपी कार्यालय मल्हारगंज बड़वाली चौकी, इतवारिया बाजार, सब्जीमंडी से दरगाह चौराहा से मच्छी बाजार, पंढरीनाथ थाना टी, गौतमपुरा टी, कबूतरखाना चौकी से किसी भी प्रकार के वाहन चलसमारोह मार्ग की ओर नहीं जा सकेंगे।
8. चल समारोह प्रारंभ होने से समाप्ती तक वाहनों के आवागमन की अनुमति नहीं रहेगी।

## संभागायुक्त दीपक सिंह की पहल पर नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन जारी

### धार जिले के टाण्डा में 7 सितम्बर को होगा विशाल स्वास्थ्य शिविर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। **संभागायुक्त श्री दीपक सिंह की पहल पर संभाग के दुरस्थ अंचलों में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किये जा रहे है। इस क्रम में धार जिले के टाण्डा में 7 सितम्बर को होगा विशाल स्वास्थ्य शिविर आयोजित होगा। इस शिविर में आधुनिक मशीनों के माध्यम से उच्च रक्तचाप, कैंसर, डायबिटीज, दंत रोग, नेत्र रोग आदि की जांचें की जाएंगी।**

संभागायुक्त श्री दीपक सिंह ने बताया कि गत वर्ष आयोजित संभाग स्तरीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर के उत्साहजनक परिणाम प्राप्त हुए। इस बार भी सभी स्वास्थ्य शिविर सफलतापूर्वक सम्पन्न हो, इसके लिए सभी निर्धारित स्थानों पर व्यापक तैयारियां की गई है। आशा कार्यकर्ता और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से पहले ग्रामीण अंचलों में जाकर बीमार व्यक्तियों को चिन्हित किया जा रहा है और उसकी सूची बनाकर मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी को उपलब्ध कराई गई है। संभाग स्तरीय स्वास्थ्य शिविर में आधुनिक मशीनों के माध्यम से उच्च रक्तचाप, कैंसर, डायबिटीज, दंत रोग, नेत्र रोग आदि की जांचें की जाएंगी। संभाग स्तरीय स्वास्थ्य शिविर में जाँच के बाद चिन्हित मरीजों के निःशुल्क इलाज की व्यवस्था की जायेगी। स्वास्थ्य शिविर में संभाग के सभी शासकीय अस्पतालों के चिकित्सक विशेषज्ञ सहित निजी अस्पतालों के चिकित्सक भी अपनी सेवाएं देंगे। इसके अलावा होम्योपैथी और आयुष महाविद्यालयों के चिकित्सकों की सेवाएं ली जायेगी। टाण्डा में होने वाले शिविर में इन्डेक्स, एमजीएम मेडिकल कॉलेज, चौइथराम, राजश्री अपोलो, जुपिटर अस्पताल तथा चौइथराम नेत्रालय, आयुर्वेदिक कॉलेज, आयुष विभाग आदि के चिकित्सक रहेंगे।

## माता-पिता और शिक्षक-गुरु होते हैं राष्ट्र निर्माता, उनका सम्मान करें और चुनौतियों का सामना कर आगे बढ़ें- मंत्री श्री सिलावट

### मंत्री श्री सिलावट ने शासकीय कन्या हायर सेकेण्डरी सांवेर में मनाया गया शिक्षक दिवस






### शिक्षक-विद्यार्थियों और उनके माता-पिता के साथ किया स्नेह भोज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। जल संसाधन मंत्री श्री तुलसी सिलावट के मुख्य आतिथ्य में आज शासकीय कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय सांवेर में शिक्षक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर उन्होने शिक्षक-विद्यार्थियों और उनके माता-पिता को संबोधित करते हुए कहा कि माता-पिता और शिक्षक-गुरु राष्ट्र निर्माता होते है, उनका सम्मान करें और चुनौतियों का सामना कर आगे बढे।

जीवन में गुरू के ज्ञान से ही देश और प्रदेश का विकास संभव होगा। विकसित भारत बनाने में शिक्षक और विद्यार्थियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। शिक्षक द्वारा नित्य नवीन प्रयोग कराये जाने से छात्र वैज्ञानिक, डाक्टर, शिक्षक और कलेक्टर बनकर देश की सेवा करते है। विज्ञान के कारण आज भारत विश्व गुरु बन गया है। आज भारत की गिनती श्रेष्ठ दस देशों में होती है, जिससे हमें गर्व होता है। इसलिए हमें हमेशा माता-पिता और शिक्षक-गुरू का सम्मान करना चाहिए। इस अवसर पर श्री सिलावट ने उपस्थित विद्यार्थियों और उनके माता-पिताओं और शिक्षकों को अपने हाथों से भोजन प्रदान कर उनके साथ स्नेह भोज किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में गणेश पूजन और मां सरस्वती की प्रतिमा पर मार्त्यापण किया गया। 56 भोग भी लगाये गये। इस अवसर पर सर्वश्री भारतसिंह,दिलीप चौधरी, संदीप चंगेडिया, जीतुराज राठौर, सुभाष जैन, सतीश मालवीय, संजय घोडेला और प्राचार्य सरवैया सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# मां आशापूर्णा धाम गुराडिया सोयत मध्यप्रदेश के भक्तों द्वारा शुक्रताल में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

पवित्र तीर्थ स्थल शुक्रताल में दिनांक 7 सितंबर से 13 सितंबर तक भव्य श्री श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन रखा गया है जिसमें संपूर्ण भारतवर्ष के पालीवाल समाज के लगभग 300 से अधिक श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए एकत्रित होने वाले हैं।

पवित्र श्राद्ध पक्ष के अवसर पर श्रद्धालु शुक्रताल में मोक्षदायिनी पवित्र मां गंगा के किनारे शिव धाम में मालवा के प्रसिद्ध कथा वाचक परम पूज्य गुरुवर पंडित हरिनारायण जी वैष्णव नरसिंह आश्रम खिलचीपुर के मुखारविंद से कथा का श्रवण करेंगे। शुक्रताल महर्षि शुक्र देव जी की तपोस्थली है, जहां 5000 से अधिक वर्ष पूर्व राजा परीक्षित ने पवित्र वट वृक्ष के नीचे महर्षि शुक्रताल से श्राप मुक्ति हेतु श्रीमद् भागवत महापुराण का श्रवण किया था।

श्रीमद् भागवत महापुराण की कथा प्रथम बार इसी पवित्र भूमि पर वट वृक्ष के नीचे हुई थी। श्रद्धालु 5000 वर्ष से अधिक पुराने उसे पवित्र वट वृक्ष की पूजा अर्चना कर कथा का श्रवण करेंगे। दिनांक 7 सितंबर को यहीं से श्रीमद् भागवत महापुराण के साथ कलश यात्रा प्रारंभ होगी, जो पवित्र गंगा नदी के तट पर कलश के पूजन अर्चन के साथ गंगाजल लेकर यात्रा कथा स्थल पर पहुंचेगी, जहां श्रीमद् भागवत महापुराण की पूजन के साथ कथा प्रारंभ होगी। प्रतिदिन यहां कथा के विभिन्न प्रसंगों पर लीलाएं होगी। कुंवारा पंचमी के दिन पूज्य गुरुदेव पंडित हरिनारायण जी वैष्णव पवित्र मोक्षदायिनी मां गंगा के तट पर संपूर्ण पालीवाल समाज के पूर्वजों के निमित्त सामूहिक तर्पण का कार्यक्रम पंडितों के माध्यम से संपन्न कराएंगे।

**DGR मीडिया समूह के प्रबंध संपादक श्री महेंद्र पालीवाल भी विशेष आमंत्रण पर सप्त दिवसीय 'भागवत कथा' में सम्मिलित होकर कथा श्रवण का पुण्यलाभ के साथ साथ वहां की व्यवस्थाओं में भी अपनी योगदान देंगे।**






मुख्यमंत्री डॉ. यादव की निवेश संवर्धन पहल का परिणाम

# मध्यप्रदेश के ऊर्जा क्षेत्र को मिली मजबूती, आया नया निवेश, बढ़ेगी ऊर्जा सुरक्षा

## ◆ 32,500 करोड़ का निवेश, 17 हजार को मिलेगा रोजगार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निवेश संवर्धन प्रयासों के फलस्वरुप ऊर्जा क्षेत्र और ज्यादा मजबूत हो रहा है। ऊर्जा सुरक्षा बढ़ रही है। मध्यप्रदेश पॉवर सरप्लस राज्य के रूप में पहचान बना चुका है। ऊर्जा क्षेत्र में निवेश बढ़ाने के मुख्यमंत्री डॉ. यादव के प्रयासों से अब इस क्षेत्र में नया निवेश आ रहा है। टोरंट पॉवर और अडानी पॉवर जैसी बड़ी कंपनियों ने अब ऊर्जा उत्पादन के लिए प्रदेश में काम करना शुरू कर दिया है। टोरंट पॉवर कंपनी 22 हजार करोड़ और अडानी पॉवर कंपनी 10 हजार 500 करोड़ रूपये का निवेश करेगी। इससे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार 17,000 को रोजगार मिलेगा।**

टोरेंट पॉवर 1600 मेगावॉट थर्मल प्रोजेक्ट के लिए प्रदेश में 22 हजार करोड़ रूपये का निवेश करेगी। टोरेंट पॉवर लिमिटेड को एमपी पॉवर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड (MPPMCL) से 1,600 मेगावॉट के कोयला आधारित बिजली संयंत्र की स्थापना के लिए 'लेटर ऑफ अवार्ड (LoA)' दे दिया है। यह अहमदाबाद-स्थित समूह द्वारा बिजली क्षेत्र में अब तक का सबसे बड़ा निवेश है।

यह परियोजना ग्रीनफील्ड 2x800 मेगावॉट की अल्ट्रा-सुपर क्रिटिकल तकनीक पर आधारित होगी और इसे डिजाइन, निर्माण, वित्तपोषण, स्वामित्व और संचालन (DBFOO) मॉडल के तहत विकसित किया जाएगा। टोरेंट इस संयंत्र की पूरी क्षमता MPPMCL को 25 साल की पॉवर परचेज एग्रीमेंट पॉवर परचेस एग्रीमेंट के तहत 5.829 रूपये प्रति यूनिट की दर से आपूर्ति करेगा। यह परियोजना PPA पर हस्ताक्षर होने के 72 महीनों के भीतर चालू होनी है। परियोजना लागत का लगभग 70% ऋण के माध्यम से पूरा किया जाएगा।



इस संयंत्र के लिए कोयले का आवंटन MPPMCL द्वारा केंद्र सरकार की SHAKTI नीति के अंतर्गत किया जाएगा। यह परियोजना अल्ट्रा-सुपरक्रिटिकल तकनीक पर आधारित होगी, जिससे पारंपरिक थर्मल यूनिट्स की तुलना में बेहतर दक्षता और कम उत्सर्जन मिलेगा। टोरेंट पॉवर का यह निवेश केंद्र सरकार के 2032 तक 80 गीगावॉट अतिरिक्त कोयला आधारित क्षमता के लक्ष्य को हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इससे ग्रिड को स्थिर करने के लिए आवश्यक बेसलोड क्षमता जुड़ेगी। इस परियोजना के निर्माण के दौरान 10 हजार प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे। अडानी पॉवर मध्यप्रदेश में 800 मेगावॉट का ताप विद्युत संयंत्र 10 हजार 500 करोड़ रुपये की लागत से विकसित कर मध्यप्रदेश को बिजली आपूर्ति करेगी। इस परियोजना के तहत 800 मेगावॉट की क्षमता वाला एक नया ताप विद्युत संयंत्र स्थापित किया जाएगा। यह संयंत्र अनूपपुर जिले में स्थित होगा। संयंत्र को 54 महीनों में चालू किया जाएगा। यह कदम प्रदेश की ऊर्जा सुरक्षा को और मजबूत करेगा।एमपी पॉवर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड (MPPMCL) अल्ट्रा-सुपर क्रिटिकल ताप विद्युत संयंत्र विकसित करने और उससे बिजली आपूर्ति के लिए लेटर ऑफ अवार्ड (LoA) दे चुकी है। यह संयंत्र डिजाइन, निर्माण, वित्त, स्वामित्व और संचालन (DBFOO) मॉडल के तहत स्थापित किया जाएगा। जैसे-जैसे भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है, देश की बिजली की मांग, विशेष रूप से बेस लोड पॉवर की मांग, लगातार बढ़ रही है। ऐसे में ऊर्जा अधोसंरचना में निवेश अत्यंत आवश्यक है, जिससे बढ़ती आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके। अनूपपुर संयंत्र विश्वसनीय, सस्ती और प्रतिस्पर्धात्मक दरों पर बिजली उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह न केवल भारत बल्कि मध्यप्रदेश की ऊर्जा सुरक्षा को भी मजबूत करेगा और राज्य के सतत विकास को गति देगा।

## पति की हत्या, शव बोरे-कंबल में लपेटकर कुएं में फेंका

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**अनूपपुर, एजेंसी। अनूपपुर में एक महिला ने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या कर दी। मर्डर के बाद शव को बोरे-कंबल में लपेटकर कुएं में फेंक दिया। मृतक का नाम भैयालाल रजक है।**



पुलिस ने इस मामले में भैयालाल की पत्नी मुन्नी उर्फ विमला रजक, उसके प्रेमी लल्लू उर्फ नारायण दास कुशवाहा (48) और मजदूर धीरज कोल (25) को गिरफ्तार किया है। घटना 31 अगस्त रात 2 बजे सकरिया गांव की है। भैयालाल की लाश उनके घर के पीछे खेत के कुएं में बोरे और कंबल में लिपटी हुई मिली थी। जांच में पता चला कि भैयालाल की तीन शादियां हुई थीं। पहली पत्नी शादी के कुछ दिन बाद ही छोड़कर चली गई। दूसरी पत्नी गुड्डीबाई से कोई संतान नहीं होने पर उन्होंने गुड्डीबाई की छोटी बहन मुन्नी से तीसरी शादी कर ली, जिससे उनके दो बच्चे हैं। भैयालाल की सकरिया गांव और परसवार गांव में कीमती जमीन थी। इसे बेचने के लिए दलाल लल्लू पिछले 4-5 साल से उनके घर आता-जाता था। इसी दौरान मुन्नी और लल्लू के बीच प्रेम संबंध शुरू हो गए। 30 अगस्त शनिवार को मुन्नी ने अपने प्रेमी और मजदूर के साथ मिलकर हत्या की योजना बनाई। वह जैतहरी में अपनी बड़ी बहन के पास चली गई, जिससे भैयालाल घर पर अकेले रह गए। 31 अगस्त की रात करीब 2 बजे लल्लू और धीरज ने भैयालाल के निर्माणाधीन मकान में घुसे। इसके बाद खटिया पर सो रहे भैयालाल के सिर पर लोहे की रॉड से वार किए। इसके बाद शव को बोरे और कंबल में लपेटकर, साड़ियों और रस्सी से बांधकर कुएं में फेंक दिया। पुलिस ने कुएं से मृतक का मोबाइल भी बरामद किया है।

# हर पंचायत और हर गांव में श्मशान घाट बनाने निर्देश

### कलेक्टर, सीईओ जिला पंचायत कराएंगे काम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** बारिश के दौरान श्मशान घाट में खुले में अंतिम संस्कार किए जाने और श्मशान स्थल तक सड़क मार्ग न होने के मामले सामने आए हैं। ऐसे में अब हर पंचायत और गांव में श्मशान घाट बनाने के निर्देश दिए गए हैं। पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग ने इसको लेकर सभी कलेक्टरों और जिला पंचायत सीईओ को 5वें वित्त आयोग के बजट से काम कराने को कहा है। भूमि उपलब्ध न होने पर कलेक्टर के यहां आवेदन कर भूमि आवंटन कराने को कहा है।

पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग ने कहा है कि हर ग्राम पंचायत मुख्यालय एवं हर आश्रित ग्राम में वित्तीय वर्ष 2025-26 तक कम से कम बारहमासी आसानी से पहुंच वाला श्मशान घाट बनाया जाएगा। इसके लिए आवश्यक है कि हर गांव में 'श्मशान मद' के लिए आवश्यक भूमि आरक्षित हो। आरक्षित भूमि की संपूर्ण रूप से फेंसिंग की गई हो। लोकेशन पर पहुंचने के लिए साल के 12 महीने निर्बाध एवं सहज पहुंच मार्ग उपलब्ध हो।



### पंचायतों को यह ध्यान रखना होगा

श्मशान मद में आरक्षित भूमि अतिक्रमण से मुक्त हो।

पंचायत और गांव में इसके लिए भूमि उपलब्धता की जानकारी हर ग्राम पंचायत को राजस्व रिकार्ड से लेना होगी।

ग्राम पंचायत को हर ग्राम में श्मशान के लिए भूमि उपलब्ध नहीं होने पर कलेक्टर को आवेदन करना होगा।

जहां पहले से श्मशान घाट है और आरक्षित भूमि की यदि समुचित फेंसिंग नहीं है तो उस भूमि की फेंसिंग कराना होगी।

श्मशान तक रोड बनाने का ऐसे होगा काम

चेन लिंक के लिए स्टीमेट के अनुसार या स्थानीय बोल्डरों, पत्थरों से निर्मित खखरी द्वारा की कार्यवाही जा सकेगी।

श्मशान घाट तक पहुंचने के लिए समुचित मार्ग नहीं हो या मार्गों में पुलिया, रपटा नहीं होने के कारण बरसात के दिनों में आवागमन दुष्कर हो तो ऐसे स्थान तक जाने के लिए समीपी मार्ग से श्मशान स्थल तक 3.75 मीटर (लगभग) चौड़ाई की सीसी रोड और पुलिया, रपटा भी बनाया जाए।

भूमि उपलब्ध न होने की स्थिति में कलेक्टर से निर्धारित प्रक्रिया से मार्ग निर्धारण कराये जाने की कार्यवाही की जाए।

श्मशान घाट के लिए पूर्व से आरक्षित भूमि पर यदि किसी भी प्रकार का अतिक्रमण है तो संबंधित सीईओ जिला पंचायत द्वारा राजस्व एवं पंचायत अमले के सहयोग से तत्काल अतिक्रमण हटाए जाने की कार्यवाही कराई जाकर आरक्षित भूमि पर फेंसिंग की जाए।

5वें वित्त आयोग से किए जा सकेंगे काम

विभाग के निर्देशों में कहा है कि इन सभी कार्यों के लिए ग्राम पंचायतों को 5वें राज्य वित्त आयोग अंतर्गत अधोसंरचना विकास अनुदान मद से राशि दी जाएगी।

इसके बाद अगर राशि बचती है तो उसे किसी अन्य कार्य में खर्च किया जा सकेगा।

आवश्यकता होने पर अन्य योजनाओं की राशि से नियमानुसार दी जा सकेगी।

इसके लिये जनभागीदारी एवं जनसहयोग भी प्राप्त किया जा सकता है। यदि ग्राम पंचायत के खाते में पहले से 5वें वित्त मद की राशि है तो उस राशि से कार्य तत्काल प्रारंभ कराए जाएंगे।

ग्राम पंचायत स्तर पर पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, पंचायत समन्वय अधिकारी तथा उपयंत्री उत्तरदायी रहेंगे।

जनपद स्तर पर सहायक यंत्री, कार्यक्रम अधिकारी, सीईओ जनपद पंचायत, खण्ड पंचायत अधिकारी और जिला स्तर कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, अतिरिक्त सीईओ जिला पंचायत, परियोजना अधिकारी तथा पंचायत सेल जिम्मेदार होंगे।

## प्रदेशवासियों को दीं ओणम की शुभकामनाएं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेशवासियों को प्रकृति, उपासना एवं कृषि संस्कृति के प्रतीक पर्व ओणम की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केरल की पवित्र धरती से जुड़ा यह महा उत्सव सह-अस्तित्व, प्रेम और एकता की अथाह प्रेरणा देता है। उन्होंने कामना करते हुए कहा है कि यह पर्व सबके जीवन में आरोग्यता, समृद्धि, नई ऊर्जा और नए संकल्प लेकर आए।

## सिंघार बोले- बीजेपी आदिवासी को सरसंघचालक क्यों नहीं बनाती

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के छिंदवाड़ा में 'आदिवासी हिंदू नहीं' वाले बयान पर राजनीति तेज हो गई है। इस मुद्दे पर भास्कर से बातचीत करते हुए सिंघार ने यहां तक कहा कि बीजेपी को आदिवासियों से इतना ही प्रेम है तो बताए कि आदिवासी को सरसंघचालक कब बनाएगी? बता दें, सिंघार ने छिंदवाड़ा में कहा था कि गर्व से कहो- हम आदिवासी हैं, हिंदू नहीं। मैं कहता हूं, शबरी ने राम को बेर खिलाए थे, वह शबरी आदिवासी थी। सिंघार ने कहा कि आदिवासी नेताओं को केवल अपने परिवार के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे समाज के उत्थान के लिए काम करना चाहिए। सिंघार के बयान पर सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा- कांग्रेस हमेशा हिंदू और हिंदुत्व के विरोध में ही काम करती है। राहुल गांधी ने हिंदुत्व का मजाक बनाया। हिंदुओं के बारे में जिस ढंग से बात रखी, वो उनका अपना बचकाना पन था। इसी बात को मणिशंकर अय्यर ने अलग ढंग से कहा, उनकी अपनी थ्योरी, वो जानें। उसी परंपरा में स्टालिन से लेकर रेवंत रेड्डी तक सनातन को मच्छर डेंगू, न जाने क्या-क्या बोलते रहे। अब हमारे यहां के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार कह रहे हैं आदिवासियों में हिंदुत्व नहीं हैं। कमाल हो गया, शर्म आती है।

## संपादकीय

### अमेरिका ने भारत और रूस को अंधेरे चीन के हाथों खो दिया...

भारत पर 50 फीसदी टैरिफ और ट्रंप के बेसिर पैर के बयानों ने क्या अमेरिका को भारत से दूर क्या दिया है, क्या इन सभी घटनाक्रमों को देखते हुए ही भारत ने रुस और चीन के साथ अपने संबंधों को मजबूत किया है। ये सवाल इसलिए खड़े हो रहे हैं, क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत-चीन और रुस को लेकर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट की, जिसने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी तरफ खींच लिया। इस पोस्ट में ट्रंप ने एक तस्वीर भी साझा की, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, चीन के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग एक साथ नजर आ रहे हैं। ट्रंप ने अपनी पोस्ट में लिखा कि ऐसा लगता है कि अमेरिका ने भारत और रुस को अंधेरे चीन के हाथों खो दिया है। ट्रंप के बयान की सोशल मीडिया पर काफी चर्चा हो रही है। आइए आपको बताते हैं कि डोनाल्ड ट्रंप की बातों में कितना दम है और विदेश मंत्रालय ने इस बयान पर क्या कहा है। ये सच है कि अमेरिका और भारत के रिश्तों में अब वो गर्मजोशी नहीं रही, जो पहले हुआ करती थी। इसका सबसे बड़ा कारण खुद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप हैं। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के गिड़गिड़ाने पर जब भारत ने जंग रोकने का ऐलान कर दिया तो डोनाल्ड ट्रंप ने इसका क्रेडिट लेने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने फौरन ये ऐलान कर दिया कि भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर उन्होंने ही कराई है। अमेरिका के कृपापात्र बनने की होड़ में पाकिस्तान ने तो इस बात को स्वीकार कर लिया। लेकिन भारत ने ट्रंप के बयान को सिरे से खारिज कर दिया। भारत ने ट्रंप के बयान से अलग ये स्टेटमेंट दिया कि जंग पाकिस्तान की अपील के चलते रोकी गई है। इसके बाद भी डोनाल्ड ट्रंप लगातार बड़े-बड़े मंचों से भारत-पाकिस्तान जंग रुकवाने का दावा करते रहे। ट्रंप अब तक 30 से 40 बार इस बात को दोहरा चुके हैं। ट्रंप ने सोचा था कि भारत भी इस बात को स्वीकार कर लेगा, जिससे उनके नोबल शांति पुरस्कार के दावे को बल मिलेगा। हालांकि, भारत ने ट्रंप के इस झूठ को मानने से साफ इनकार कर दिया। अमेरिका और भारत के रिश्तों में कड़वाहट का दूसरा कारण वह टैरिफ है, जो अमेरिका ने रुस से तेल खरीदने के लिए भारत पर लगाया है। दरअसल, टैरिफ लगने से पहले तक ये बात कही जा रही थी कि भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील हो जाएगी और टैरिफ की नौबत ही नहीं आएगी। अगर ट्रेड डील नहीं भी हुई तो मिनी ट्रेड डील जरुर साइन कर ली जाएगी। लेकिन डोनाल्ड ट्रंप डील के लिए इस बात पर अड़े रहे कि भारत अमेरिकी किसानों के लिए अपने बाजार को पूरी तरह से खोल दे। अगर भारत ट्रंप की इस बात को मान लेता तो भारत के किसान बर्बादी की कगार पर पहुंच जाते। उनके लिए अमेरिकी उत्पादों और उसके दाम के साथ प्रतिस्पर्धा कर पाना बेहद मुश्किल हो जाता। इसलिए भारत ने ट्रंप की इस बात को सिरे से खारिज कर दिया। इसके बाद ट्रंप ने ट्रेड डील को ठंडे बस्ते में डाल दिया और भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगा दिए। इन दो वजहों के अलावा ट्रंप लगातार भारत के खिलाफ बयानबाजी भी कर रहे हैं। ट्रंप ही नहीं उनके मंत्रिमंडल में शामिल दूसरे अमेरिकी राजनेता भी भारत को बुरा-भला कहने से नहीं चूक रहे हैं। इसके चलते ही भारत ने पुराने गिले-शिकवे भुलाकर अपने पड़ोसी और अमेरिका के विरोधी चीन के साथ मेलजोल बढ़ाने शुरु कर दिए हैं। इस मामले पर जवाब विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल से सवाल पूछा गया तो उन्होंने इस पर कोई भी टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

**अनन्त चतुर्दशी चल समारोह 2025**

# शनिवार की रात निकलेंगी झिलमिलाती नयनाभिराम झांकियां

## सभी तैयारियां पूरी : कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम



**इंदौर की गौरवशाली परम्परा के अनुसार इस वर्ष भी अनन्त चतुर्दशी के अवसर पर आज 6 एवं 7 सितम्बर की दरमियानी रात को शहर के विभिन्न मार्गों से झिलमिलाती नयनाभिराम झांकियां निकलेंगी। कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा प्रशासनिक और अन्य जरूरी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। इस वर्ष भी खजराना गणेश मंदिर, इंदौर विकास प्राधिकरण, होप टेक्सटाईल (भण्डारी) मिल, नगर निगम, कल्याण मिल, स्पूतनिक ट्यूटोरियल एकेडमी और मालवा मिल, स्वदेशी मिल, राजकुमार मिल तथा हुकमचंद मिल, जय हरसिद्धी माँ सेवा समिति सहित अन्य संस्थाओं की झांकियां निकलेंगी। एक संस्थान की दो या तीन झांकियां रहेंगी जो आकर्षक विद्युत सज्जा के साथ स्वचलित होंगी। झांकियों के साथ अखाड़े भी रहेंगे।**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने बताया कि चल समारोह के मद्देनजर शहर में कानून व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। साथ ही साफ-सफाई, प्रकाश और पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था भी की गयी है। जुलूस मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था संबंधी निगरानी के लिये वाच टावर बनाये गये हैं। इन वाच टावर्स पर चिकित्सकों को भी तैनात किया गया है। साथ ही प्रमुख स्थानों पर मय चिकित्सक के एम्बूलेंस भी तैनात की गयी हैं। सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से भी लगातार निगरानी की जायेगी। चल समारोह में शराब पीकर आने वालों के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। इसके लिए पुलिस द्वारा ब्रीथ एनेलाइजर के माध्यम से जाँच की जायेगी।**

### झांकियों का क्रम

1.खजराना गणेश मंदिर, 2. श्री शास्त्री कार्नर नवयुक मण्डल छोटा गणपति मंदिर मल्हारगंज, 3. इंदौर विकास प्राधिकरण, 4. नगर निगम, 5. होप टेक्सटाईल (भण्डारी मिल), 6. कल्याण मिल, 7. मालवा मिल, 8. हुकुचंद मिल, 9. स्वदेशी मिल, 10. राजकुमार मिल, 11. स्पूतनिक ट्यूटोरियल एकेडमी, 12. जय हरसिद्धी माँ सेवा समिति।

### झांकी मार्ग

अनन्त चतुर्दशी चल समारोह आज 6 सितम्बर, शनिवार को शाम 6 बजे से शुरू होगा। उक्त चल समारोह मिल क्षेत्र और डीआरपी लाइन मैदान से प्रारंभ होकर श्रम शिविर, देवी अहिल्या मार्ग, एमजी रोड़, कृष्णपुरा, नंदलालपुरा, जवाहर मार्ग, नरसिंह बाजार, सीतला माता बाजार, गौराकुंड, खजूरी बाजार से राजवाड़ा होकर वापस अपने मिलों में पहुंचेगा।

### झांकी व्यवस्था

निर्देश दिए गए है कि झांकियां निर्धारित समय से प्रारंभ हो। सभी को समय का पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों की यह जिम्मेदारी रहेगी कि निर्धारित समय पर झांकियां मिल प्रागंण से बाहर निकलें। वे झांकियों की गाड़ी के टायर-ट्यूब, उनमें लगी विद्युत व्यवस्था तथा उनके लिए जनरेटर आदि को देखेंगे। झांकियों के साथ प्राथमिक चिकित्सा का सामान एवं डाक्टर की व्यवस्था सिविल सर्जन करेंगे। निर्धारित समय पर नहीं निकलने वाली झाँकी को चल समारोह में सम्मिलित नहीं किया जायेगा। यदि किसी झांकी की विद्युत व्यवस्था या किसी अन्य अवरोध के कारण आगे बढ़ने में कठिनाई होती है तो वह अपनी झांकी एवं अखाड़े को एक तरफ रोककर पीछे से आने वाली झांकी को आगे निकलने देगी।

### स्वागत मंच

नवीन स्वागत मंचों की अनुमति नहीं दी गई है। केवल उन्ही मंचों को अनुमति दी गई है जो परम्परागत रूप से लगाये जाते रहे हैं। स्वागत मंचों की अनुमति नगर पुलिस अधीक्षक द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में परम्परागत लगाये जाने वाले मंचों को ही परीक्षण उपरांत दी गई है। एक स्वागत मंच पर दो से अधिक स्पीकर लगाने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

### अखाड़ों की व्यवस्था

अखाड़ों के उस्तादों से कहा गया है कि वे झांकी निकलने के पूर्व अर्थात् शाम 5 बजे तक अपने-अपने निर्धारित स्थल पर पहुँच जाएं। अखाड़ों में शराब आदि नशा करके चलना प्रतिबंधित है। साथ ही तेज धारदार संघातिक हथियार लेकर चलना भी प्रतिबंधित है। मिट्टी के तेल को मुंह में भरकर आग उड़ाना एवं अन्य खतरनाक किस्म के करतब भी प्रतिबंधित है। अखाड़ों के व्यक्तियों द्वारा दण्डाधिकारी का आदेश नहीं मानने पर उसे तुरंत जुलूस से अलग कर बाद में उसका लाइसेंस भी रद्द किया जा सकता है। अखाड़ों में धारदार एवं संघातिक किस्म के हथियार को लेकर चलना पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। अखाड़ों के उस्तादों को प्रतीक के रूप में मात्र एक तलवार म्यान में रखकर चलने की अनुमति रहेगी। प्रत्येक अखाड़े के सदस्य स्वागत मंच पर एक मिनिट तथा निर्णायक मंच पर तीन मिनिट तक करतब दिखायेंगे। यदि झांकियों के बीच में गैप हो तो ड्यूटी पर उपस्थित पुलिस अधिकारियों द्वारा अखाड़ों को आगे बढ़ाने संबंधी दिये गये निर्देशों का अखाड़ों द्वारा पालन किया जायेगा। प्रत्येक अखाड़े के सदस्यों की ड्रेस (वेशभूषा) एक जैसी रहेगी तथा अखाड़े की ओर से प्रत्येक सदस्य को बैजेस

New Delhi

# दिल्ली के लाल किले से सोने से बना एक करोड़ का कलश चोरी, हीरा-पन्ना व माणिक्य से सजा था

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली के लाल किला परिसर में बुधवार को आयोजित धार्मिक अनुष्ठान स्थल से करीब एक करोड़ रुपये मूल्य का सोने-हीरे जड़ा कलश चोरी हो गया। इस वारदात से पूरे आयोजन स्थल पर हड़कंप मच गया। पीड़ित कारोबारी सुधीर जैन ने कोतवाली थाने में ई-एफआईआर दर्ज कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मामले में संदिग्ध की पहचान कर ली है और उसके जल्द गिरफ्तार होने की संभावना जताई है।

जानकारी के मुताबिक, लाल किला परिसर स्थित 15 अगस्त पार्क में 28 अगस्त से जैन धर्म से जुड़ा धार्मिक



अनुष्ठान चल रहा है, जो 9 सितंबर तक चलेगा। इसके लिए विशेष मंच तैयार किया गया था, जहां केवल धोती-कुर्ता पहने और अनुमति प्राप्त लोगों को बैठने दिया जा रहा था। सिविल लाइंस निवासी कारोबारी सुधीर जैन हर दिन अपने घर से पूजा के लिए कीमती कलश लेकर आते थे। पुलिस के अनुसार, यह कलश 760 ग्राम सोने से बना है और इसे 150 ग्राम हीरे, माणिक्य और पन्ना से सजाया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार को भी सुधीर जैन पूजा के लिए कलश लेकर पहुंचे थे। कलश को पूजा स्थल पर रख दिया गया और आसपास श्रद्धालु बैठ गए। इस बीच, पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला भी अनुष्ठान में शामिल होने पहुंचे।

Bihar

## स्कूल में तंत्र-मंत्र कर कोयल की बलि दी



**दुर्ग-भिलाई।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के सरकारी स्कूल में तंत्र-मंत्र करने के बाद कोयल की बलि दी गई। सुबह स्कूल खुलते ही प्रबंधन और बच्चे खून से सना पक्षी, नींबू और सिंदूर देख दहशत में आ गए। प्रिंसिपल ऑफिस के ठीक सामने तंत्र क्रिया की गई थी। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यह मामला पदमनाभपुर थाना क्षेत्र के शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल का है। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस आसपास लगे CCTV कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। फिलहाल, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि इस कृत्य के पीछे किसका हाथ है और उसका मकसद क्या था। वहीं शिक्षकों ने भी टोटके की काट के लिए बैगा को बुलाया और पूजा करवाई। इस मामले पर ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राजेश्वरी चन्द्राकर ने कहा कि सुबह से ही शरारती तत्वों ने इस घटना को अंजाम दिया है। यह सब अंधविश्वास फैलाने की कोशिश है। दरअसल, गुरुवार सुबह बच्चों ने देखा कि किसी ने स्कूल परिसर में काला जादू का तांत्रिक चिह्न बनाकर तंत्र मंत्र किया है। परिसर से नींबू, मृत पक्षी और सिंदूर भी मिला। प्रिंसिपल रूम के सामने बरामदे में एक रंगोलीनुमा आकृति बनी हुई थी। जिसके अंदर तांत्रिक-जैसे चिन्ह उकेरे गए थे। इसमें कोयल को काटकर चढ़ाया गया था। इस घटना से शिक्षक, छात्र और परिजन घबरा गए। वहीं घटना की सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। पानी डालकर उस रंगोली को मिटाया गया। इसके अलावा डरे हुए शिक्षकों ने भी स्कूल में बैगा बुलवा कर पूजा करवाई। बैगा ने अगरबत्ती, कपूर जला और सिंदूर से टोटके की काट का दावा किया।

New Delhi

## देश के 47% मंत्रियों पर क्रिमिनल केस

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** देशभर के 302 मंत्री (करीब 47%) खुद पर आपराधिक केस होने की बात स्वीकार कर चुके हैं। इनमें 174 मंत्री ऐसे हैं, जिन पर हत्या, अपहरण और महिलाओं के खिलाफ अपराध जैसे गंभीर आरोप हैं। वहीं, केंद्र सरकार के 72 मंत्रियों में से 29 (40%) ने आपराधिक केस होने की बात मानी है। यह जानकारी चुनाव सुधार संस्था 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' (ADR) की रिपोर्ट में सामने आई है। ADR ने 27 राज्यों, 3 केंद्र शासित प्रदेशों और केंद्र सरकार के कुल 643 मंत्रियों के शपथ पत्रों (एफिडेविट) का विश्लेषण किया। ADR ने यह भी कहा कि जिन शपथ पत्रों के आधार पर रिपोर्ट तैयार की गई है, वे 2020 से 2025 के बीच चुनावों के दौरान दाखिल हुए थे। इन मामलों की स्थिति बदल भी सकती है। केंद्र सरकार ने हाल ही में एक प्रस्ताव रखा था, जिसमें प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और मंत्रियों को गंभीर आपराधिक मामलों में 30 दिन की गिरफ्तारी के बाद पद से हटाने की बात कही गई थी।

Maharashtra

## अजित पवार ने फोन पर महिला IPS को धमकाया

**मुंबई, (एजेंसी) महाराष्ट्र के डिप्टी CM और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (NCP) के अध्यक्ष अजित पवार का महिला IPS अधिकारी अंजना कृष्णा से बहस का वीडियो सामने आया है। इसमें वे महिला अधिकारी को फटकारते नजर आ रहे हैं। घटना 31 अगस्त को सोलापुर जिले के कुर्दु गांव की बताई जा रही है, जहां IPS मुरम का अवैध खनन रोकने पहुंची थीं।**

वीडियो में नजर आ रहा है कि सिविल ड्रेस में IPS अंजना कृष्णा हाथ में मोबाइल लिए खड़ी हुई हैं। उनके आस-पास कुछ लोग हैं। IPS की कॉल पर अजित पवार से बात चल रही है। दावा है कि अजित पवार IPS को कार्रवाई रोकने का कह रहे हैं। अजित पवार ने सोशल मीडिया X पर लिखा- सोलापुर में पुलिस अधिकारियों के साथ मेरी बातचीत से जुड़े कुछ वीडियोज सामने आए हैं। मैं साफ



कहना चाहता हूं कि मेरा इरादा कानून में दखल देने का नहीं था, बल्कि यह सुनिश्चित करना था कि जमीनी स्तर पर स्थिति शांत रहे। मैं पुलिस फोर्स और उसके अधिकारियों, जिनमें महिला अधिकारी भी शामिल हैं उनका बहुत सम्मान करता हूं। रेत खनन या अन्य अवैध गतिविधि के खिलाफ कानून के अनुसार सख्ती से निपटा जाना चाहिए।

खेल

# BCCI ने इंडियन टीम की जर्सी स्पॉन्सरशिप के रेट बढ़ाए

### बाइलैटरल सीरीज के हर मैच के ₹3.5 करोड़, पहले 3.17 करोड़ रुपए थे

**नई दिल्ली। BCCI ने इंडियन क्रिकेट टीम की जर्सी स्पॉन्सरशिप के रेट बढ़ा दिए हैं। नए रेट्स के अनुसार, बोर्ड बाइलैटरल (द्विपक्षीय) सीरीज के लिए प्रति मैच 3.5 करोड़ रुपए लेगा। जबकि मल्टीलैटरल (ICC, एशिया कप और ट्राई सीरीज) टूर्नामेंट के लिए प्रति मैच 1.5 करोड़ रुपए लेगा। इससे पहले यह रेट क्रमशः 3.17 और 1.12 करोड़ रुपए थे।**

क्रिकबज ने अपनी रिपोर्ट में लिखा- नई दरें एशिया कप के बाद लागू होंगी। इससे BCCI को 400 करोड़ रुपए से ज्यादा की कमाई हो सकती है, हालांकि अंतिम रकम बोली के नतीजों पर निर्भर करेगी।



भारतीय बोर्ड ने यह फैसला ड्रीम-11 के जर्सी स्पॉन्सर से हटने के बाद लिया है। सरकार के ऑनलाइन गेमिंग एक्ट, 2025 लागू होने के बाद BCCI ने ड्रीम11 का करार खत्म कर दिया था।


**BCCI ने 3 दिन पहले जर्सी स्पॉन्सरशिप टेंडर जारी किए-** BCCI ने 3 दिन पहले मंगलवार 2 सितंबर को जर्सी स्पॉन्सरशिप के लिए टेंडर जारी किए थे। इसके अनुसार, अल्कोहल, तंबाकू, सट्टेबाजी, रियल मनी गेमिंग (फैंटेसी स्पोर्ट्स गेमिंग को छोड़कर), क्रिप्टोकरेंसी और पोर्नोग्राफी या जो कंपनी सार्वजनिक नैतिकता को ठेस पहुंचने का काम करे उस तरह के ब्रांड को इस बोली (बिड) में शामिल नहीं किया जाएगा। BCCI ने अपने ऑफिशियल ट्विटर पर ट्वीट कर यह जानकारी दी है।

**एशिया कप में बिना स्पॉन्सरशिप के उतरेगी भारतीय टीम-** भारतीय टीम एशिया कप में बिना स्पॉन्सरशिप के उतरेगी, क्योंकि ड्रीम-11 पहले भी करार खत्म कर चुका है और स्पॉन्सरशिप की बोली लगाने की अंतिम तारीख 16 सितंबर तय की गई है। वहीं, एशिया कप की शुरुआत 9 सितंबर से हो रही है। टेंडर खरीदने की आखिरी तारीख 12 सितंबर है।

सिनेमा

## पंजाब बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए अक्षय कुमार आए आगे, डोनेट किए 5 करोड़, बोले- ये मेरी सेवा है

पंजाब में बाढ़ से परेशान लोगों की मदद के लिए अब तक कई सेलेब्स आ गए हैं। पंजाब के कई सेलेब्स के बाद अब अक्षय कुमार ने भी अब मदद के लिए 5 करोड़ रुपये डोनेट किए हैं। अक्षय ने इस बारे में खुद बताया है। उन्होंने लिखा कि यह उनकी सेवा है, उनका छोटा सा कॉन्ट्रीब्यूशन है, पंजाब की बाढ़ से पीड़ित लोगों के लिए। रब मेहर करे। अक्षय ने कहा, 'मैं 5 करोड़ रुपये दे रहा हूं पंजाब बाढ़ से पीड़ित लोगों के लिए, लेकिन मैं होता कौन हूं डोनेट करने वाला? मैं बहुत खुशनशीब हूं कि मुझे मौका मिला मदद करने के लिए। यह मेरी सेवा है, मेरी तरफ से छोटा कॉन्ट्रीब्यूशन।'अक्षय ने आगे कहा, 'मैं प्रार्थना करता हूं कि पंजाब में मेरे भाइयों और बहनों पर आई प्राकृतिक आपदा जल्द ही दूर हो जाए। रब मेहर करे।'बता दें कि जब भी देश में कोई परेशानी आती है तो अक्षय हमेशा सबसे पहले आगे आकर मदद करते हैं फिर चाहे चेन्नई बाढ़ हो या कोविड हो। उन्होंने सोल्जर परिवार की मदद भी की है भारत के वीर ऐप के जरिए। अक्षय के अलावा दिलजीत दोसांझ, सोनू सूद, रणदीप हुड्डा, गिप्पी ग्रेवाल, हिमांशी खुराना, जसबीर जस्सी, करण औजला, गुरु रंधावा और एमी विर्क भी अब तक मदद कर चुके हैं। वहीं शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा की फिल्म महर रिलीज हो रही है 5 सितंबर को। उन्होंने अनाउंस किया कि फिल्म के पहले दिन के वर्ल्डवाइड कलेक्शन को वो पंजाब बाढ़ से पीड़ित लोगों को डोनेट करेंगे।



## Highlights

1. Bengaluru announces 24-hour liquor ban for Eid-e-Milad
2. Mumbai gets bomb blast threat claiming human bombs at 34 places
3. Centre proposes hike in fitness test fees for older vehicles
4. BSF vacates posts after 30 km of Indo-Pak border fence washes away in Punjab
5. Fire-breathing stunt goes wrong in Ujjain, 2 suffer severe burns

# Adani Power gets shareholder nod for 1:5 stock split




**NEW DElHI, (Agency).** Adani Power on Friday said it has received shareholders' approval for a stock split in the ratio of 1:5 through a postal ballot notice issued on August 1, 2025.

The resolution has been considered as duly passed with the requisite majority, as mentioned in the postal ballot notice, a regulatory filing stated.

According to the notice, each equity share of ₹10 will be sub-divided into five fully paid-up equity shares of the face value of ₹2 each, ranking pari passu in all respects. The voting period began from 9 am on August 6 and ended at 5 pm on September 4.

The company explained that the board, at its meeting on August 1, 2025, approved and recommended the share split to facilitate greater participation from retail and small investors.

There will not be any change in the amount of authorised, issued, subscribed and paid-up share capital of the company on account of sub-division/split of the equity shares, it had stated.

Adani Power said it has fixed September 22 as the record date for the sub-division of equity shares.

The notice showed that post-stock split, the number of equity shares will increase from 2,480 crore to 12,400 crore.

Adani Power was incorporated in 1996 and listed on the bourses in 2009. It has grown significantly in terms of its business and performance over the years, resulting in a significant improvement in the market price of the company's securities.

# Tata Motors to reduce prices on cars by up to ₹1.45 lakh after GST reforms

**NEW DElHI, (Agency).** Tata Motors on Friday announced slashing prices of passenger vehicles up to ₹1.45 lakh from September 22, in a move that is set to benefit customers ahead of the festive season.

The announcement comes days after the GST council, earlier this week, reduced the tax rates for most of the goods, including vehicles.

The Mumbai-based automobile manufacturer said that it would pass on the full benefit of the recent GST reduction on cars and SUVs to customers.

The revised prices would be applicable from September 22, when the revised GST rates come into effect. While Tiago will see a reduction of up to 75,000, the price of Safari will see the biggest cut of ₹1,45,000.





The auto major said that the price of Tiago will be cheapter by ₹75,000, the Tigor by ₹80,000, and the Altroz by ₹1.10 lakh.

The Punch will see a reduction of up to ₹85,000, the Nexon by as much as ₹1.55 lakh, and the Curvv by up to ₹65,000. Meanwhile Harrier and Safari will see a price cut of up to ₹1,40,000 and 1,45,000 respectively.

The move comes after the GST Council approved limiting slabs to 5 per cent and 18 per cent from September 22, the first day of Navaratri. Under the revised GST rates, petrol, LPG and CNG vehicles of less than 1,200 cc and not more than 4,000 mm length and diesel vehicles of up to 1,500 cc and 4,000 mm length would move to the 18 per cent rate.

Shailesh Chandra, Managing Director of Tata Motors Passenger Vehicles Ltd, while making the announcement, said, "The reduction in GST on passenger vehicles, effective 22nd September 2025, is a progressive and timely decision that will make personal mobility more accessible for millions across India."




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक